## Headline

1. Kashi Vishwanath: सावन के सोमवार को स्पर्श दर्शन पर रोक, श्रद्धालुओं के लिए रेड कार्पेट
2. Himachal Accident: 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, चार की मौत, एक गंभीर घायल
3. '120 रुपये/किलो टमाटर': कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र ने बनाई रणनीति; तमिलनाडु में लोगों को मिली कुछ राहत


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 349 | इंदौर, बुधवार 28 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### शादी से पहले दर्दनाक हादसा

# 5 की मौत



## नदी में गिरा ट्रक, मृतकों में 3 बच्चे भी, कई लापता; ट्रक में सवार होकर शादी में जा रहे थे 50 मजदूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

दतिया। दतिया में एक मिनी ट्रक नदी में गिर गया। मिनी ट्रक में करीब 50 मजदूर सवार थे। हादसे में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। पांच के शव निकाल लिए गए हैं। इनमें 3 शव बच्चों के हैं। बाकी लोग लापता हैं। हादसा दुरसड़ा थाना अंतर्गत गांव बुहारा में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुआ। ट्रक पुल पार कर रहा था, तभी बेकाबू होकर पलट गया। टीम रेस्क्यू में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक में सवार होकर मजदूर ग्वालियर के भेलेटी गांव से टीकमगढ़ के जतारा गांव में शादी में जा रहे थे। निकाले गए शवों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि पुल निर्माणाधीन है। कलेक्टर संजय कुमार, स्क्क प्रदीप मिश्रा, स्ष्ठरू मौके पर मौजूद हैं।

### इनके शव मिले...

प्रशांत (18), गुंजन (5), ईसू (5), केरव (2), पांचों बाई (45)

### गृहमंत्री घटना पर दुख जताया

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा, खटीक समाज के लोग बलेहरी के रहने वाले हैं। बेटी की शादी करने जतारा (टीकमगढ़) मिनी ट्रक से जा रहे थे। बुहारा नदी में रपटे में ट्रक का पहिया उतर गया। ट्रक नदी में चला गया। अभी तक 5 लोगों के शव निकाले गए हैं। इनमें एक 65 साल की महिला हैं। 18 साल का युवक है और बाकी 2 से 3 साल के बच्चे हैं। घायलों के इलाज कराया जा रहा है।' मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

### उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए ...

# 24 हजार करोड़ रुपये अनुदान देगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिजली की दरों में दी जाने वाली छूट से विद्युत वितरण कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई सरकार अनुदान के रूप में करेगी। विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित दर के अनुरूप अंतर की राशि 24 हजार करोड़ रुपये अनुदान के रूप विद्युत वितरण कंपनियों को दिए जाएंगे। इसके लिए ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली



कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

इसके साथ ही खरगोन, धार, भिंड, बालाघाट, टीकमगढ़ और सीधी में सौ-सौ एमबीबीएस सीट प्रवेश क्षमता के मेडिकल कालेज खोलने की सैद्धांतिक सहमति दी जा सकती है।विद्युत नियामक आयोग ने वर्ष 2023-24 के लिए विद्युत कंपनियों के प्रस्ताव और जनसुनवाई के बाद दरें निर्धारित की हैं। सरकार इससे कम दर पर उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराती है।

विद्युत वितरण कंपनियों को अंतर की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है। इसका प्रस्ताव ऊर्जा विभाग ने तैयार किया है। इसमें सर्वाधिक राशि किसानों को कम दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए दी जाएगी। इसके साथ ही दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण में शासन प्रति हितग्राही अनुदान पांच के स्थान पर दस रुपये देगी।

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण में नगरीय निकायों को कुल एक हजार 700 करोड़ रुपये उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें से 954 करोड़ रुपये का ऋण और 745 करोड़ रुपये का अनुदान होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छह जिलों में मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति का प्रस्ताव है, जिस पर कैबिनेट में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### इन पर भी होगा विचार

- पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के उपचार के लिए लागू पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना को निरंतर रखने की स्वीकृति।
- भोज वेटलैंड की भूमि पर्यावरण वानिकी वनमंडल भोपाल का हस्तांतरित करना।
- सीहोर जिले की भैरूंदा अंतर्गत सीप-अंबर कांप्लेक्स सिंचाई परियोजना के दूसरे चरण को प्रशासकीय स्वीकृति।
- समर्थन मूल्य पर खरीदी ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द को निराश्रित शुल्क से छूट।

# 10 साल बाद नेहरू पार्क में शुरू हुई टॉय ट्रेन

## बच्चे अब रोज लेंगे छुक-छुक ट्रेन का आनंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेहरू पार्क में 10 साल से बंद पड़ी बच्चों की टॉय ट्रेन मंगलवार से फिर शुरू हो गई। शाम को मेयर पुष्यमित्र भार्गव व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसका संचालन शुरू हुआ। मेयर ने टॉय ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पार्क में आए बच्चों ने इसमें बैठकर छुक-छुक सफर का आनंद लिया। यह ट्रेन अब नियमित चलेगी।**

इंदौर के बच्चों को समर्पित टॉय ट्रैन का नाम बच्चों के द्वारा रखा गया टॉय ट्रेन को अब वंदे इंदौर के नाम से जाना जाएगा। दरअसल कार्यक्रम के दौरान महापौर भार्गव द्वारा एक प्रतियोगिता में बच्चों से ट्रेन का नाम रखने को कहा गया था जिसमें 26 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अलग अलग नाम दिए । इसमें से एक बच्चे विश्वेष शुक्ला द्वारा दिया गया नाम इस ट्रेन का रखा गया।



### मेयर सहित अधिकारियों ने भी लिया आनंद

शुरूआत में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया सहित अन्य अधिकारी इसमें सवार हुए और ट्रेन का आनंद लिया। इस दौरान यहां आए लोगों ने वीडियो-फोटो भी शूट किए। इसके बाद इसमें बच्चों के बैठने की होड़ लग गई।

शहर में किए जा रहे विकास कामों की श्रृंखला में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इसे फिर से शुरू किया गया। शहर के बीचों बीच स्थित नेहरू पार्क का सबसे बड़ा आकर्षण यहां चलने वाली टॉय ट्रेन है, जो 2013 से बंद थी। पिछले दिनों जोधपुर से रेल का इंजन और बोगियां विशालकाय ट्रॉले में नेहरू पार्क लाई गईं थी तथा इसका ट्रायल रन किया गया था। ट्रायल रन ठीक से रहने के बाद अब इसे शुरू किया गया है।

इंदौर स्मार्ट सिटी अधिकारी डॉ. डीआर लोधी ने बताया कि टॉय ट्रेन का किराया 50 रुपए तय किया गया है। नेहरू पार्क में चलने वाली टॉय ट्रेन के संचालन की जिम्मेदारी राजस्थान की एजेंसी को दी गई है। एजेंसी 60 लाख रुपए खर्च कर टाय ट्रेन को तैयार कर इंदौर लाई है। आज वहां मौजूद बच्चे इसे देख काफी खुश हुए।

इंदौर स्मार्ट सिटी अधिकारी डॉ. डीआर लोधी ने बताया कि टॉय ट्रेन का किराया 50 रुपए तय किया गया है। नेहरू पार्क में चलने वाली टॉय ट्रेन के संचालन की जिम्मेदारी राजस्थान की एजेंसी को दी गई है। एजेंसी 60 लाख रुपए खर्च कर टाय ट्रेन को तैयार कर इंदौर लाई है। आज वहां मौजूद बच्चे इसे देख काफी खुश हुए।

# कलेक्टोरेट में अब जल्द ही रोबोटिक सिस्टम

- ऑटोमैटिक इन्फॉरमेशन में टच स्क्रीन से मिलती रहेगी पूरी जानकारी; लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला प्रशासन ने कलेक्टोरेट में विभिन्न कामों के लिए आने वाले लोगों तथा खासकर दिव्यांगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए ऑटोमेशन सिस्टम की योजना तैयार की है। रोबोट बेस्ड इस सिस्टम के तहत कलेक्टोरेट में इंट्री करने के बाद उन्हें यहीं से सुविधाएं मिल जाएगी। यानी संबंधित व्यक्ति को किस विभाग में काम है, उसके लिए किससे और कहां मिलना होगा, कौन-कौन से दस्तावेज लगेंगे, काम करने की अवधि कितनी होगी इसका ऑटोमैटिक इन्फॉरमेशन सिस्टम होगा। टन स्क्रीन से बटन दबा-दबाकर प्रोसेस पूरी कर संबंधित विभाग को फॉरवर्ड कर सकेंगे।

यह पूरा सिस्टम इंटरेक्टिव, इन्फॉरमेशन व नेविगेशन आधारित होगा। हालांकि अभी कलेक्टोरेट में हेल्प डेस्क है लेकिन लोगों को और आसानी हो व काम जल्द हो इसे लेकर यह स्थापित किया जा रहा है। इस सिस्टम में 'रोबोट' में एक डिस्प्ले होगा और इसे वॉयस कमांड के माध्यम से भी संचालित किया जाएगा। इसमें संबंधित विभागों के प्रमुख या वे जो संबंधित प्रोसेस से जुड़े हैं उन अधिकारियों के केबिनों के स्थान और मोबाइल नंबर भी फीड किए जा सकेंगे।

कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने बताया कि अभी हेल्प डेस्क बनी हुई है लेकिन उससे ज्यादा लोगों इंट्रेक्शन्स हो उसके लिए ऑटोमेशन पर काम किया जा रहा है। जैसे कॉलोनी सेल की प्रोसेस को सरल किया है वह लोगों को मालूम भी होना चाहिए। कोई भी आवेदन कैसे प्रोसेस होगा उसके लिए क्या-क्या दस्तावेज लगेंगे, कितने समय में होगा, किसे अप्रोच करना है, यह सारी चीजें हैं। अभी मामला कन्सेप्चुअल स्टेप पर है। इसके लिए एडीएम राजेश राठौर व सपना लोवंशी की एक टीम बनाई है। इसमें सॉफ्टवेयर डेवलपर्स मदद कर रहे हैं। एनआईसी के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे। इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को तुरंत और आसानी से मिल सकेगी।

## तीन दिन में जमा करें अग्रिम कर, पाएं पुरस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अग्रिम टैक्स जमा करने वाले निगम के करदाताओं को तीन साल बाद पुनः पुरस्कार देने की योजना शुरू की जा रही है। योजना में करदाताओं का लॉटरी पद्धति से चयन कर आकर्षक उपहार दिया जाएगा। टैक्स जमा करने के लिए तीन दिन शेष हैं। करदाता 30 जून की मध्य रात्रि तक निगम और जोनल कार्यालयों पर जाकर टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। राजस्व विभाग के प्रभारी निरंजनसिंह चौहान गुड्डू ने बताया कि अग्रिम संपत्तिकर जमा करने पर 6.25 तथा जलकर में 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

**यह रहेंगे पुरस्कार-** चयनित संपत्तिकर दाता को प्रथम पुरस्कार कार, द्वितीय पुरस्कार 3 स्कूटर, तृतीय पुरस्कार 5 करदाताओं को एलईडी टीवी तथा 95 सांत्वना पुरस्कार, अग्रिम जलकर दाताओं को प्रथम पुरस्कार स्कूटर, द्वितीय पुरस्कार दो करदाताओं को एलईडी टीवी, तृतीय पुरस्कार दो करदाताओं को 2 वाशिंग मशीन तथा 57 सांत्वना पुरस्कार में मिक्सर रखे जाएंगे।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# कंडम वाहनों से पांच ई-कचरा वाहन किए तैयार

## कचरा उठाने निगम का नया नवाचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **निगम ने संकरी गलियों से कचरा उठाने नया नवाचार किया है। जिंसी स्थित वर्कशाप के इंजीनियरों ने कंडम पड़े वाहनों का सदुपयोग करते हुए 5 ई कचरा वाहन के रूप में तैयार किया है। ये कचरा वाहन छोटे रिक्शा हैं। संकरी गलियों में इन रिक्शाओं से गीला-सूखा कचरा संग्रहण में राहत मिलेगी।**

यह वाहन उन वार्डों में बांटे गए हैं, जहां अधिकांश संकरी गलिया हैं। इसमें वार्ड 47, वार्ड 23, वार्ड 24, वार्ड 11, वार्ड 62 शामिल है। वाहन में कचरा लेकर मुख्य मार्ग पर बड़ी गाडि़यां में डाला जाता है। अब तक इस काम में हाथ गाड़ी का उपयोग किया जाता है, जिसमें जगह का अभाव होने से गीला सूखा कचरा एक साथ लेने में दिक्कत आती थी। स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम सातवें आसमान को छूने अलसुबह से लेकर रात तक काम कर रहा है। सफाई व्यवस्था में लगे सफाई मित्र भी खूब मेहनत कर रहे हैं। कहीं भी कचरा नजर आने पर संबंधित व्यक्ति पर स्पाट फाइन भी किया जा रहा है। यही कारण है निगम लगातार छह बार नंबर वन की पायदान पर बना हुआ है।

### तीन साल पहले 10 एंबुलेंस बनाई

वर्कशाप के प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि वर्ष 2019 में कोरोना संक्रमण फैला था। तब मरीजों को अस्पताल लाने-ले जाने के लिए कंडम वाहनों से 10 एंबुलेंस तैयार की गई थी। यह एंबुलेंस शासकीय अस्पतालों में दौड़ रही है।

### वेस्ट से बनाए कई आयटम

वेस्ट मटेरियल से निगम लगातार आकर्षक आयटम बनाता रहा है। बगीचों में सिंगल यूज प्लास्टिक से कई आयटम बनाकर लगाए गए हैं। वर्तमान में थ्रीआर सेंटर में वेस्ट सामग्री ली जा रही है। इसका उपयोग भी अलग-अलग रूप में किया जा रहा है।

### वर्ष 2022 में भी बनाए थे

स्वच्छता अभियान को संबल देने निगम ने पर्यावरण से बचाने पर भी जोर देना शुरू कर दिया है। इसके लिए ग्रीन मोबेलिटी पर काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले वर्ष वर्कशाप में कंडम वाहनों से बड़ी कचरा गाडि़यां बनाई गई है। यह गाडि़यां इलेक्ट्रिक से चलती है।

## गजासीन शनिधाम पर होगा आयोजन

# गुरुपूर्णिमा उत्सव में दादू महाराज करेंगे शहर के सफाईकर्मियों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उषानगर स्थित गजासीन शनिधाम पर महामंडलेश्वर दादू महाराज संस्थान द्वारा तीन दिवसीय सफाई मित्र सम्मान समारोह एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। 21 वर्षों से यह उत्सव मनाया जा रहा है।**

### पूरे अमले को नवाजेंगे

मंदिर समिति की ओर से माधव इंदौरी ने बताया गया कि इस वर्ष उत्सव 1-3 जुलाई तक मनाया जाएगा। प्रथम दिवस 1 जुलाई को संध्या 7:30 बजे महामंडलेश्वर दादू महाराज संस्थान द्वारा शहर के सफाई मित्रों का सम्मान किया जा रहा है। सम्मान के लिए 5 महिला और 5 पुरुष सफाईकर्मियों के साथ दरोगा, प्रभारी दरोगा, सीएसआई, फील्ड ऑफिसर, अपर आयुक्त, कचरा गाड़ी वाहन चालक व सहायक का चयन किया गया है। सामाजिक समरसता के तहत सभी एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे।

**पाद पूजन और मंत्र दीक्षा 3 जुलाई को-** द्वितीय दिवस 2 जुलाई को सद्गुरु दत्त अवतारी चैतन्यानंद सरस्वती नाना महाराज का चरण पादुका, प्रतिमा पूजन व अभिषेक किया जाएगा। तृतीय दिवस 3 जुलाई को सुबह 9 बजे से गुरुदेव महामंडलेश्वर दादू महाराज का पाद पूजन और मंत्र दीक्षा प्रारंभ होगी। मुख्य आयोजन शाम 7 बजे से होगा, जिसमें भजन संध्या, प्रवचन और गुरु पूजा होगी। महोत्सव में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों सहित महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश से भी भक्त इंदौर आ रहे हैं ।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में मदद, छात्रा के परिवार को मिला रोजगार का सहारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में कई मामले आए जिनका समाधान किया गया तो कुछ मामले संबंधित विभाग को कार्यवाही के लिए दिए गए। इन्हीं में एक मामला नेहा मांडरे के परिवार का था। बीकॉम फर्स्ट ईयर में पढऩे वाली नेहा अपनी मां के साथ जनसुनवाई में आई। उसने बताया कि वह परिवार में सबसे बड़ी है तथा एक बहन और भाई हैं। पिता लम्बे समय से लकवा ग्रस्त थे जिनका 25 मई को निधन हुआ है। कमाई का कोई जरिया नहीं है तथा परिवार आर्थिक तंगी में गुजर-बसर कर रहा है।

उसने बताया कि वह के साथ मां कुछ करना चाहती है। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने पूछा तो उसने कहा कि वह स्कूटी बेस्ड चार पहिया वाहन चाहती है ताकि उसमें सब्जियां लेकर बेच सके। उक्त वाहन मॉडिफाइड होता है तथा इसके जरिए अन्य व्यापार भी किए जा सकते हैं। नेहा के साथ मां ने कहा कि चार बच्चों को जिम्मेदारी है और अभी कमाई कुछ नहीं है। अगर इस तरह का रोजगार मिलेगा तो परिवार का पालन-पोषण हो सकेगा। इस पर कलेक्टर ने मौके पर भी एडीएम अभय बेडकर को उक्त परिवार के लिए एक लाख रु. की मदद करने के निर्देश दिए। उक्त राशि से अब परिवार जल्द ही व्यवसाय शुरू करेगा।

### छात्रा को फीस भरने का दिया भरोसा

आयुषी कुमावत अपने नाना के साथ जनसुनवाई में पहुंची। उसने बताया मां का पहले तलाक हो चुका था। दूसरी शादी के कुछ दिनों बाद मां की मौत हो गई तब से वह नाना के पास ही रहती है। वह एक प्राइवेट स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती है लेकिन आर्थिक तंगी के कारण नाना फीस नहीं भर पा रहे हैं। अगर फीस नहीं भरी तो स्कूल से नाम कट जाएगा। इस पर कलेक्टर ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी फीस भर दी जाएगी, वह अपना पढ़ाई जारी रखें।

### कॉलोनी के डेवलपमेंट में बाधा डाल रहे लोग


जनसुनवाई में महालक्ष्मी धाम कॉलोनी के मूल प्लाट धारकों का एक प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन के संयोजक प्रकाश राजदेव व सुनील डेम्बला के साथ पहुंचा। पीड़ितों ने बताया कि उक्त कॉलोनी 2011 में संतोष देवकॉन प्रा .लि. कंपनी ने ने काटी है लेकिन कुछ दिनों बाद ही कंपनी के डायरेक्टरों के आपसी विवाद के कारण एनटीसीएल कोर्ट में आठ सालों तक केस चलने के चलते विकास व आवंटन नहीं हुआ। 2022 में इनके आपसी समझौते के बाद अन्य प्रमोटरों द्वारा इसे लेने के बाद इसका विकास शुरू हुआ है। कॉलोनी के मूल प्लॉटधारकों व कंपनी की मीटिंग के बाद सभी निर्धारित शुल्क व बाकी का पेमेंट किश्तों में देने की भी आपसी सहमति बन चुकी है लेकिन कुछ ब्रोकर्स व ऐसे लोग जिन्होंने बड़ी संख्या में प्लॉट की रसीदें खरीद रखी हैं वे अपने निजी लाभ के कारण अब झूठी शिकायतें कर कॉलोनी के विकास बाधित कर रहे हैं। उन्होंने झूठी शिकायते& करने वाले शरारती तत्वों व कथित ब्रोकर्स के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।

### मेडिकल टीम करेगी जांच

आशुतोष मकाने ने बताया कि उसके पिता की दो माह पहले कैंसर से मौत हुई थी। उसने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उसने कहा कि 20 अप्रैल को उसके पिता को अस्पताल में एडमिट किया गया था। पांचवें दिन डॉक्टरों ने डिस्चार्ज कर दिया और उन्हें क्या बीमारी है यह स्पष्ट नहीं किया। फिर हम सरकारी कैंसर अस्पताल पहुंचे तो तो पता चला कि पिताजी को कैंसर आखिरी स्टेज पर है। वहां से तुरंत अरबिंदो अस्पताल ले गए जहां पांच घंटे बाद उनकी मौत हो गई। मामले में कलेक्टर ने डीन को एक मेडिकल टीम से मामले की जांच कराने को कहा है।

### दो महिलाओं के एक जैसे नामों से मृत्यु के मामले में गफलत

एक मामला दो महिलाओं के एक जैसे नामों का था। इनमें से एक महिला की मौत हुई थी तो जो महिला जीवित थी उसका खाता नंबर मृत महिला के खाते से जोड़ दिया गया था जिससे भ्रम की स्थिति हो गई थी। कलेक्टर ने तत्काल जोनल अधिकारी को तलब कर उसे ठीक करवाया। इसके साथ ही जो महिला जीवित है उसकी पेंशन फिर से शुरू कराई।



### जून में ही कई इलाके तरबतर

# दमोह में बाढ़ से हालात तो शहडोल में बिजली गिरने से तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून की रफ्तार तेज नजर आ रही है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों को भिगा दिया है। कई तरह की आफत भी देखने को मिलने लगी है। कहीं पुल-पुलिया बह जाने से रास्ते कट गए हैं तो कहीं बिजली गिरने से लोगों की मौत हो गई है।**



जानकारी के अनुसार राजधानी भोपाल में मंगलवार सुबह से बारिश हो रही है। ग्वालियर में आज सुबह इस मानसून सीजन की पहली बारिश हुई। जबलपुर, नर्मदापुरम और आसपास के जिलों में भी रुक-रुककर पानी गिर रहा है। सोमवार-मंगलवार रात हुई बारिश से जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग का डायवर्जन पुल पानी में बह गया। पुल के बह जाने से जबलपुर से भोपाल का संपर्क टूट गया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब 5 घंटे बाद नए पुल से वाहनों की आवाजाही शुरू की गई। जबलपुर में मंगलवार सुबह 9 बजे तक मौसम साफ रहा, इसके बाद बारिश शुरू हो गई। जिले में कई नदी-नाले उफान पर आ गए। इंदौर में सोमवार शाम के बाद जबलपुर में खराब मौसम के चलते इंडिगो एयर लाइंस ने जबलपुर से इंदौर आने वाली उड़ान को निरस्त कर दिया। प्रदेश में मानसून के प्रवेश के साथ ही बदले मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया।

### दमोह में बाढ़ जैसे हालात, शहडोल में तीन की मौत

दमोह जिले में सोमवार सुबह से ही रुक-रुककर तेज बारिश का दौर जारी रहा। दोपहर होते ही तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई। दमोह के टोपी लाइन में स्थित तीन टेलरिंग की दुकानों का ऊपरी हिस्सा भरभरा कर गिर गया। तेंदूखेड़ा का पुल करीब चार घंटे पानी में डूबा रहा। मंगलवार सुबह तेंदूखेड़ा ब्लॉक के झलौन और गुंहची का मार्ग पुल आने से मार्ग चार घंटे बंद रहा। झलौन और धनेटा मार्ग के बीच कुंजीनाले पर भी पानी आ गया, जिसके चलते लगभग एक दर्जन गांव का झलौन से संपर्क टूट गया। वहीं, लोगों के घरों में पानी भर गया। शहडोल जिले में आकाशीय बिजली ने कहर ढाया है। आकाशीय बिजली गिरने से बाप-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सोहगपुर और पपोंध एरिया में हुआ है।

### नरसिंहपुर में 190 मिलीमीटर बारिश

मौसम केंद्र की रिपोर्ट कह रही है कि बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, सागर, जबलपुर शहडोल संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों पर, चंबल, रीवा संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश हुई है। नरसिंहपुर में 190, उमरिया, सिवनी, ढीमरखेड़, देवरी में 170, टामिया, गाडरवाड़ा में 160, तेंदुखेड़ा में 150, हर्राई में 140, करेली, वेंकटनर, उमरिया में 130 मिलीमीटर तक पानी गिरा है।

### सात जिलों में अतिभारी बारिश की चेतावनी

अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान कहता है कि सागर, नर्मदापुरम, शहडोल, रीवा, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर व चंबल संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट बता रहा है कि सागर, नरसिंहपुर, बालाघाट, देवास, धार, गुना व उज्जैन जिलों में कहीं-कहीं अतिभारी बारिश की संभावना है। यहां 200 मिलीमीटर तक पानी गिर सकता है। वहीं यलो अलर्ट के मुताबिक दमोह, जबलपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, अनूपपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, मंडला, रायसेन, विदिशा, भोपाल, सीहोर, शाजापुर, आगर, राजगढ़ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। यहां 115 मिमी तक बारिश हो सकती है।

### तीन दिन तक भारी बारिश की संभावना

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बंगाल की खाड़ी पर बने कम दबाव का क्षेत्र झारखंड व उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर सक्रिय है, जो 48 घंटे में उत्तर मध्य प्रदेश के ऊपर सक्रिय होगा। वहीं एक ट्रफ लाइन हरियाणा होते हुए जा रही है और गुजरात में भी ट्रफ सक्रिय है। इससे अरब सागर से भी नमी आ रही है। इन सभी सिस्टम से ग्वालियर-चंबल संभाग समेत पूरे प्रदेश में मानसून की झमाझम बारिश की संभावना है। पश्चिम-दक्षिण पश्चिमी दिशा से चलने वाली हवा ने मंगलवार सुबह रूख बदल दिया, जो पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा से हवा बहने लगी।

## तुलसी की माला और हाथों में शराब, आधे कपड़ों में शिक्षक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर**। शिक्षा का मंदिर स्कूल और वहां का भगवान शिक्षक होता है. इसी आस से लोग अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए उन्हें स्कूल भेजते हैं कि वो पढ़ लिखतर अच्छे इंसान बने. लेकिन, कई बार शिक्षकों की ऐसी हरकत सामने आ जाती है जो लोगों को सोचने पर मजबूर कर देती है. ऐसे ही एक तस्वीर मध्य प्रदेश के छतरपुर से आई है. जहां एक शिक्षक ने मर्यादा को तारतार कर दिया. उसने शराब की बोतल के साथ फोटो खीची और सरकार ग्रुप में डाल दी. हालांकि, उसके खिलाफ एक्शन हो गया है.मामला बकस्वाहा ब्लॉक के रैयन गांव के प्राथमिक शाला स्कूल में पदस्थ शिक्षक परम लाल सौर से जुड़ा है. परम लाल ने  एक फोटो कुए किनारे बैठकर अर्धनग्न अवस्था खिचाई. इसमें वो शराब की बोतलें हाथ में रखे नजर आ रहा है. उसने तुलसी की माला भी पहन रखी है. उसने फोटो स्वंय सोशल मीडिया पर भी डाल दी. इतना ही नहीं फोटो प्राशासनिक ग्रुप मे पोस्ट कर दी. फोटो वायरल होते ही शिक्षक की करतूत दिखने पर तत्काल जिला शिक्षाधिकारी ने उससे सस्पेंड कर दिया.

## जीवाजी विश्वविद्यालय में रैगिंग सीनियरों ने जूनियर को कमरे में बंद कर पीटा, कपड़े उतरवाकर नचवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। मध्यप्रदेश के जीवाजी विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला सामने आया है। सीनियरों ने जूनियर छात्रों को कमरे में बंद कर प्रताड़ित किया और कपड़े उतरवाकर नाच नचवाया। मामला पुलिस तक पहुंच गया है। वहीं जीवाजी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इस मामले में कमेटी गठित कर जांच शुरू कर दी है**



जानकारी के मुताबिक जीवाजी विश्वविद्यालय में पीड़ित छात्र बीबीए थर्ड सेमेस्टर का छात्र है। उसने जीवाजी विश्वविद्यालय प्रबंधन से शिकायत की है कि जब क्लास में पढ़ने के लिए वो गया था तो उस दौरान छठवीं सेमेस्टर में पढ़ने वाले सीनियर उसकी क्लास में बैठे थे। मुझे क्लास में देखकर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और रैगिंग देने के लिए कहने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो उसके बाद सीनियर छात्रों ने उसे कमरे में बंद रखा और कहा कि जब तक तुम कपड़े उतार कर नाचोगे नहीं, तब तक नहीं छोड़ा जाएगा। रैगिंग के बाद पीड़ित छात्र ने जीवाजी विश्वविद्यालय प्रबंधन से शिकायत दर्ज की और उसके बाद विश्वविद्यालय थाने में पहुंचकर सीनियर छात्रों की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी छात्रों की तलाश शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय थाना प्रभारी मनीष धाकड़ बताया है कि पीड़ित छात्र ने शिकायत पर चारों आरोपी छात्रों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। जीवाजी विश्वविद्यालय के पीआरओ विमलेंद्र सिंह राठौर ने बताया है कि पीड़ित छात्र ने लिखित शिकायत की है। बताया है कि उसके साथ 4 सीनियर छात्रों ने मारपीट की है। साथ ही उसके कपड़े उतरवाकर नाचने के लिए कहा गया। इस मामले में जीवाजी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने जांच कमेटी गठित की है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कूनो पार्क में चार चीतों में हुई लड़ाई, दक्षिण अफ्रीका से लाया गया अग्नि घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर**। मध्य प्रदेश के श्योपुर में कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में दक्षिण अफ्रीका से लाया गया अग्नि नामक एक चीता सोमवार शाम को आपसी लड़ाई में घायल हो गया। केएनपी के वनमंडल अधिकारी (डीएफओ) प्रकाश कुमार वर्मा ने मंगलवार को बताया, नामीबिया से लाए गए गौरव और शौर्य और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए अग्नि और वायु नर चीतों के बीच सोमवार की शाम करीब छह बजे केएनपी के मुक्त क्षेत्र में लड़ाई हुई। इस संघर्ष में अग्नि चीता घायल हुआ है, जिसका उपचार किया जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि उसकी हालत ठीक है। वर्मा ने बताया कि संघर्षरत चीतों को



छुड़ाने के लिए साइरन बजाया गया और पटाखे छोड़े गए। इसके बाद घायल अग्नि को बेहोश कर उसका उपचार शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि चीतों के बीच इस तरह की लड़ाई सामान्य है। बता दें कि मार्च से अब तक पार्क में जन्मे चार शावकों में से तीन सहित छह चीतों की मौत हो चुकी है।

### तीन वयस्क चीतों और तीन शावकों की हो चुकी है मौत

बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीते 18 फरवरी को कूनो में छोड़े गए थे। वहीं, एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था, जिसके बाद चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई थी। लेकिन अब तक तीन वयस्क चीतों और तीन शावकों की मौत हो चुकी है। चीतों की मौत के बाद कूनो पार्क में आवास, शिकार आधार और वन्यजीव प्रबंधन की उपयुक्तता पर विशेषज्ञों ने सवाल उठाए थे।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**फूल हमेशा एकांत में खिलता है और व्यक्ति के अंत:करण का फूल भी एकांत में खिलता है। हर व्यक्ति को अपना एकांत संभालना चाहिए।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### मरियप्पन थंगावेलु



**(जन्म- 28 जून, 1995, सलेम ज़िला, तमिलनाडु)** भारत के ऊँची कूद के खिलाड़ी हैं। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पैरालंपिक खेलों में पुरुषों के ऊँची कूद मुकाबले में मरियप्पन थंगावेलु ने स्वर्ण और वरुण भाटी ने कांस्य पदक जीता है। मरियप्पन थंगावेलु ने 1.89 मी. की जंप लगाते हुए सोना जीता, जबकि भाटी ने 1.86 मी. की जंप लगाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। मरियप्पन थंगावेलु, मुरलीकांत पेटकर (तैराकी, 1972 हेजवर्ग) और देवेंद्र झाझरिया (भाला फेंक, एथेंस, 2004) के बाद स्वर्ण जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं। थंगावेलु और भाटी की इस सफलता के बाद अभी तक के सभी पैरालंपिक खेलों में भारत के कुल पदकों की संख्या 10 हो गई है, जिसमें 3 स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य शामिल हैं।

## संपादकीय

### नाजुक दौर

मणिपुर में हिंसक घटनाओं की शुरुआत हुई तो वहां के उच्च न्यायालय के एक अव्यावहारिक निर्देश की वजह से, मगर इसके मूल में सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया शुरू से ही देखा जा रहा था। कुकी और नगा जनजातियों के लिए आरक्षित पहाड़ी इलाकों से सरकार ने खुद तथाकथित बाहरियों को निकालने का अभियान शुरू किया था। उससे यही संदेश गया कि सरकार आरक्षित क्षेत्रों में मैतेई लोगों की घुसपैठ कराना चाहती है। फिर अदालत के मैतेई लोगों को जनजातियों की सूची में शामिल करने पर विचार संबंधी निर्देश ने आग में घी का काम किया। हिंसा में हजारों दुकानें, घर, मंदिर, मस्जिद और गिरजाघर जला दिए गए हैं। इसे लेकर कुछ दिनों पहले सर्वदलीय बैठक भी हुई, जिसे लेकर विपक्षी दलों का आरोप है कि दस मिनट भी बातचीत नहीं हुई और बिना किसी सलाह के समाप्त हो गई। इसलिए प्रधानमंत्री की बुलाई उच्चस्तरीय बैठक का मणिपुर की स्थिति पर कितना असर पड़ेगा, देखने की बात है। दरअसल, मणिपुर इस वक्त नाजुक दौर में पहुंच चुका है। फिर भी मणिपुर सरकार उस पर परदा डालने का प्रयास ही करती देखी जा रही है। कहा जा रहा है कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सरकारी कर्मचारियों को काम पर लौटने का आदेश दिया गया है। मगर हकीकत यह है कि अब महिलाएं भी वहां सुरक्षाबलों के विरोध में सडकों पर उतर आई हैं। कुकी और मैतेई चरमपंथियों के बीच चल रहा जातीय संघर्ष गृहयुद्ध का रूप लेता जा रहा है। ऐसी स्थिति में केवल बैठकों से कोई स्थायी समाधान शायद ही निकले। यह समझ से परे है कि केंद्र और राज्य सरकार ने वहां की स्थित से निपटने के लिए व्यावहारिक उपाय तलाशने के बजाय क्यों दोनों समुदायों को खुद इसका समाधान तलाशने के लिए छोड़ दिया है। इस बीच सरकार पर कई गंभीर आरोप लगे। वहां के शस्त्रागार से करीब चौबीस सौ स्वचालित हथियार और भारी मात्रा में कारतूस-गोला-बारूद लूट लिया गया। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझ कर वे हथियार लुटवाए। मगर इस पर सरकार की तरफ से कोई सफाई नहीं आई। अब कहा जा रहा है कि मणिपुर की वर्तमान स्थिति के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। विचित्र है कि जिस वक्त मणिपुर जल रहा है, उसे शांत करने के बजाय राजनीतिक रंग देकर अपनी जिम्मेदारियों से ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।

**Quote...**

"The greatest glory in living lies not in never falling, but in rising every time we fall."

-Nelson Mandela

## ज्ञान-विज्ञान

# कभी भी फट सकता है यूरोप का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी, भयानक तबाही की आशंका



इटली का सुपरवॉल्कैनो- कैम्पी फ्लेगरेई. वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि यह किसी भी समय फट सकता है. ऐसा होता है तो आसपास रहने वाले 15 लाख लोग प्रभावित होंगे. विस्थापित भी हो सकते हैं. कैम्पी फ्लेगरेई का मतलब होता है 'जलते हुए खेत' या 'आग के मैदान'.

इससे पहले इसमें भयानक विस्फोट 1538 में हुआ था. इस ज्वालामुखी की सबसे बड़ी बात ये है कि इसके आसपास जमीन के नीचे लावा की सुरंगें हैं. जो फिलहाल सैकड़ों सालों से फटी नहीं. अब इनके ऊपर लोगों के घर बने हैं. इन सुरंगों के ऊपर 15 लाख से अधिक लोग रहते हैं. 5 लाख लोगों का घर तो काल्डेरा के अंदर है.

यह काल्डेरा 39 हजार साल पहले हुए भयानक विस्फोट के बाद बना था. इस बार यह ज्वालामुखी फटता है तो यह बेहद खतरनाक हो सकता है. इससे निकलने वाली गर्म चट्टानें और जहरीली गैस वायुमंडल तक जा सकती हैं. इसका लावा और राख आसपास के गांवों और कस्बों के खेतों में लगी फसल खराब कर देगा.

विस्फोट के बाद आई आफत से कई जीव-जंतु विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकते हैं. यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पृथ्वी विज्ञान के प्रोफेसर क्रिस्टोफर किलबर्न ने कहा कि कैम्पी फ्लेग्रेई टूटने के करीब पहुंच रहा है. इसका मतलब ये नहीं है कि विस्फोट होगा ही. लेकिन टूटने से एक बड़ी दरार पड़ सकती है.

इस दरार के जरिए ही मैग्मा बाहर आ सकता है. इस बार विस्फोट हुआ और इसकी कैटेगरी सुपरवॉल्कैनो तक जाती है, तो करीब 1000 क्यूबिक किलोमीटर से अधिक लावा निकल सकता है. यानी कैटेगरी 7 का विस्फोट. विस्फोट के बादल में निकलने वाले खतरनाक फ्लोरीन केमिकल से पौधे खत्म हो सकते हैं. जानवरों को फ्लोरोसिस बीमारी हो सकती है.

इस ज्वालामुखी ने 20वीं सदी के मध्य से ही हलचल शुरु कर दी थी. 1950, 1970 और 1980 के दशक में इसकी गतिविधि तेज हो गई थी. पिछले दस साल से यह ज्वालामुखी कुछ ज्यादा ही अशांत है. स्थिति ऐसी है कि ज्वालामुखी के पास मौजूद शहर पॉज्जुओली की जमीन हर साल 4 इंच ऊपर उठ रही है.

कैम्पी फ्लेग्रेई में 1950 के बाद से लगातार भूकंपीय गतिविधियां हो रही हैं. लगातार छोटे-छोटे भूकंप आ रहे हैं. इस साल अप्रैल में ही 600 से ज्यादा भूकंप दर्ज किए गए थे. इस इलाके में हर महीने कई बड़े भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं.

शोधकर्ताओं इन भूकंपों का कारण ज्वालामुखी के नीचे रिसने वाली गर्म गैसों को वजह माना है. ये गैस जमीन के अंदर वैसे ही घूमती हैं, जैसे स्पंज के अंदर पानी के कण. जमीन को खींचती हैं. मोड़ती हैं. फिसलती हैं. जिससे जमीन के अंदर भूंकप की गड़गड़ाहट होती है.

जब इन गैसों का दबाव ज्यादा होता है तब ऊपरी परत फट जाती है. लावा बाहर निकलने लगता है. राख का गुबार निकलता है. कैम्पी फ्लेग्रेई ज्वालामुखी का जमीन के नीचे सुरंगों का एक बड़ा नेटवर्क है. जो वेसुवियस ज्वालामुखी के सामने से होते हुए पॉज्जुओली की खड़ी तक फैले हैं.

## Highlights

1. Muslim law board holds emergency late-night meeting after PM talks about UCC
2. BYJU'S clears 97% PF dues after delayed payments probe: Report
3. 3 killed in Russian missile strike on pizza restaurant in Ukraine
4. Marion used industrial-grade toxic content in syrup: Report
5. 12,700 regularised teachers' salaries hiked by 3 times: Punjab CM
6. Women tech staff's attrition rate is worrisome: K'taka IT Minister

# As robots take over, Aston Martin trusts the charm of handcrafted luxury cars

NEW DElHI, (Agency). 0 to 100 kilometers per hour in about 4.5 seconds. Top speed, limited to 291km/h. You hear it before you see it. That, from an SUV which weighs about 2,245 kilograms. The Aston Martin DXB is fast, and it has a cousin that's faster still. The more powerful DXB707 does the dash in 3.3 seconds, topping 310 km/h and weighs the same. A car that's still made in the traditional way, in an era where automation and robots are otherwise dominating production lines.

This luxury sports SUV, or sports utility vehicle, sits beside the Valhalla and Valkyrie, two cars that also go to the very limits of performance. Competition is tough too. The Bentley Bentayga, Lamborghini Urus and Ferrari Purosangue, some examples of legendary carmakers with new SUVs, thereabouts in terms of performance and built by hand to different degrees.

Stuart Lord, who is Head of Manufacturing Operations Aston Martin Lagonda, forewarned us, as HT embarked on a very rare visit to the manufacturing and testing site for the iconic British luxury sports car manufacturer. "The chance to go on the test track in a DBX, and that normally ends up with one thing that I call the



Aston Martin smile," he tells us. Something akin to a Cheshire cat, if you may.

Lord previously worked with Ford and Jaguar Land Rover too, across 11 countries globally.

From the moment you step into the Aston Martin Lagonda Production and Technology Centre in Wales, prominence of the human element is clear. Not just the car's interface with those who own one, or that production relies more on humans than machines. The two large, iconic displays as one enters the building, are unmissable – they list the name of every person who has worked on making cars for the company. Lord proudly points to his name. Quite a few have joined since.

That's a choice Aston Martin makes, hand-crafted attention to detail, being the underlying sentiment. Competition is tough, and Aston Martin is not feeling any pressure to move to automation to quicken the processes on what is a massive factory floor. So much so, even the final checks on the paint are done purely by the human eye.

"Everything you'll see on the vehicle is truly handmade. So right down to the centre console to the bits you don't see. The labour that goes into the car here is very much in terms of handmade, which is a massive differentiator for us. Every car will have an owner on the build, and we do not build to stock," says Lord. The waiting period is usually around 6 months, but it can often be as long as a year.

# Gautam Adani targets Hidenburg report after 5 months: 'Was aimed at damaging reputation'

**NEW DElHI, (Agency).** Five months after a bombshell short seller report lopped off billions of dollars in market value of his empire, Gautam Adani has reiterated that his ports-to-energy conglomerate remains confident in its governance and disclosure standards. (READ HERE | Explainer: Adani vs Hindenburg- All you need to know about the story so far)

In the annual report of group's flagship firm Adani Enterprises Ltd, the Adani Group chairman said a



Supreme Court -appointed panel of experts found no regulatory failure. Hindenburg Research on January 24 accused Adani of "brazen stock manipulation and accounting fraud" as well as using "labyrinthian network" of shell companies for surreptitious money movements, allegations that the conglomerate has strongly denied, calling the report "a calculated attack on India". In the annual report, Adani, 61, said the US-based short seller published the report "on the event of our Republic Day". The report lopped off close to USD 150 billion in market value of the group's list companies at the lowest point and led to Adani losing the richest Indian tag. "The report was a combination of targeted misinformation and outdated, discredited allegations aimed at damaging our reputation and generating profits through a deliberate drive-down of our stock prices," he said. The short-selling incident resulted in "several adverse consequences", he said. "Even though we promptly issued a comprehensive rebuttal, various vested interests tried to opportunistically exploit the claims made by the short seller. These entities engaged and encouraged false narratives across various news and social media platforms."

New Delhi

# मानसून अलर्ट : पश्चिमी यूपी-उत्तराखंड समेत इन राज्यों में भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण पश्चिम मानसून लगभग पूरे देश में समय से पहले पहुंच गया है। पंजाब-हरियाणा और राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों तक अगले दो दिन में मानसून पहुंच जाएगा। वहीं, असम सहित भारत के अधिकतर हिस्सों में मंगलवार को मानसून सक्रिय रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों तक इसी तरह की स्थिति बनी रहने का अनुमान जताया है। इस बीच पहाड़ों पर भी बारिश जारी है। उत्तराखंड के सात पर्वतीय जिलों में आज यानी बुधवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

आईएमडी ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड में ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम और कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है।



हिमाचल प्रदेश में 29 जून तक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 जून से 1 जुलाई तक, 29-30 जून को पूर्वी राजस्थान में, 28-29 जून को उत्तराखंड के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

गुजरात में अगले पांच दिन कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून उत्तरी अरब सागर के अधिकतर भागों, गुजरात के शेष हिस्सों में आगे बढ़ा है और यह पूरे गुजरात में पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने दक्षिण गुजरात के नवसारी, वलसाड जिलों और केंद्र शासित प्रदेश दमन और दादर नगर हवेली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिन के दौरान दक्षिण, उत्तर गुजरात और सौराष्ट्र के जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

Jammu Kashmir

## तीन वाहन खाई में गिरे, आठ की मौत, हादसों में 16 लोग घायल

**जम्मू, (एजेंसी)** भद्रवाह, रामबन और डोडा में मंगलवार को तीन वाहन फिसलकर खाई में गिरने से साथ 8 लोगों की मौत हो गई। तीनों दुर्घटनाओं में 16 लोग घायल हुए हैं। सभी को उपचार के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। भद्रवाह से करीब 30 किलोमीटर दूर गुलदंडा इलाके में मंगलवार दोपहर एक ट्रैक्स वाहन 250 मीटर गहरी खाई गिर गया। इससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 यात्री गंभीर घायल हो गए। घायलों को मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उपचार के लिए भद्रवाह अस्पताल पहुंचाया। पुलिस व स्थानीय निवासियों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। भद्रवाह से दो घायलों को जीएमसी जम्मू और एक को जीएमसी डोडा रेफर कर दिया गया गया है। वहीं इससे पहले सोमवार देर रात को भल्ला इलाके में कार के खाई में गिरने से एक की मौत हो गई है और चार लोग गंभीर घायल हैं। दोपहर के समय भद्रवाह-बनी मार्ग पर गुलदंडा इलाके में बनी से भद्रवाह की तरफ आ रहा वाहन नंबर जेके06-5071 जब गुलडंडा इलाके में पहुंचा तो चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वह खाई में चला गया। मौके से गुजर रहे लोगों और स्थानीय निवासियों ने मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंच गए थे।

Bihar

## शादी में डीजे पर डांस करना पति को रास नहीं आया, पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

**जमुई, (एजेंसी)** बिहार के जमुई से एक पति द्वारा अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शादी समारोह में डीजे की धुन पर पत्नी के नाचने से आक्रोशित पति ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात जिले के चरकापत्थर थाना क्षेत्र के चरैया अमगछिया गांव की है। मृतका की पहचान पंचा देवी उर्फ उर्मिला देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसके पति सीतो मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात गांव में पड़ोसी के घर शादी समारोह में अन्य महिला के साथ पंचा देवी भी नाच रही थी। पत्नी का डीजे पर डांस करना उसके सनकी शराबी पति को नागवार लगा। शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति को चरकापत्थर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

Uttarpradesh

## लखनऊ पुलिस की करतूत, दादी की हत्या में नाबालिग पौत्रों को ही फंसाने की रच रही साजिश

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ की काकोरी पुलिस बुजुर्ग राधिका की हत्या के हत्या के मामले में उनके नाबालिग पौत्रों को ही फंसाने की साजिश रच रही है। हत्या का जुर्म करने के लिए बेटे और नाबालिग पौत्रों को थाने ले जाकर पीटा। यह आरोप लगाते हुए परिजनों ने मुख्यमंत्री और केन्द्रीय राज्यमंत्री को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई है। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर दूसर थाने की पुलिस से जांच की मांग की है।

जलियामऊ निवासी बुजुर्ग राधिका शव बीते 16 जून को गांव के ही नत्थूराम के खेत में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टि के बाद काकोरी पुलिस अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मृतका के बेटे संतराम का आरोप है कि काकोरी पुलिस ने उन्हें बेटे अमित और नाबालिग बेटे सुमित और अमित को घुरघुरी तालाब पुलिस चौकी पर बुलाया। फिर सभी को काकोरी थाने ले गए। थाने में पुलिसिर्मियों ने हत्या का जुर्म स्वीकार करने का दबाव बनाया। इंकार करने पर तीनों को पीटा गया। परिवार की एक चचेरी बहन को झूठी गवाही देने के लिए दबाव बना रहे है। परिजनों के मुताबिक कोकोरी थाने ले जाकर दो नाबालिग बच्चों समेत परिवार के चार सदस्यों को हत्या का जुर्म कबूलवाने के लिए पिटाई की। काफी देर बाद घर न लौटने पर परिजनों ने फोन किया पर किसी से बात नहीं हो पाई।

खेल

ODI World Cup 2023:

## टीम इंडिया का पाकिस्तान से महामुकाबला 15 अक्तूबर को, सात साल बाद भारत आएगी पाकिस्तानी टीम

**दुबई, (एजेंसी)** भारत में अक्तूबर-नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल का एलान हो गया है। 46 दिन तक चलने वाले वनडे वर्ल्ड कप में 48 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत पांच अक्तूबर को डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड और 2019 वर्ल्ड कप की उपविजेता टीम इंग्लैंड के बीच मुकाबले से होगी।

यह मैच अहमदबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर 19 नवंबर को फाइनल होगा। वहीं, टूर्नामेंट का सबसे चर्चित मैच, यानी भारत-पाकिस्तान महामुकाबला 15 अक्तूबर को दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही खेला जाएगा।

इस शेड्यूल से यह भी तय हो गया कि पाकिस्तान की टीम भारत का दौरा करेगी। दरअसल, एशिया कप की मेजबानी को लेकर हुए बवाल के बाद पाकिस्तान





क्रिकेट बोर्ड ने धमकी दी थी कि उनकी टीम वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। हालांकि, अब एशिया कप का शेड्यूल तय हो गया है। पाकिस्तान और श्रीलंका की सह-मेजबानी यानी 'हाइब्रिड मॉडल' में यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसके बाद पाकिस्तान की टीम भारत आने के लिए तैयार हो गई।

पाकिस्तान की टीम सात साल बाद भारत आएगी। इससे पहले टीम ने 2016 टी20 विश्व कप के दौरान भारत का दौरा किया था। इसके बाद से दोनों टीमें किसी तटस्थ जगह पर ही भिड़ी हैं। यह मैच या तो किसी आईसीसी टूर्नामेंट या फिर एशियन क्रिकेट काउंसिल के तहत खेला गया था।

### दोनों टीमों का वनडे और वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड

भारत और पाकिस्तान के वनडे में रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमें अब तक 132 बार आमने-सामने आई हैं। इसमें से भारत ने 55 और पाकिस्तान ने 73 मैच जीते हैं। चार मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। हालांकि, वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का रिकॉर्ड पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रहा है।

टीम अब तक इस टूर्नामेंट में बाबर आजम की टीम के खिलाफ अजेय है। दोनों टीमें वनडे वर्ल्ड कप में अब तक सात बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इसमें से टीम इंडिया ने सभी सात मुकाबले जीते हैं। इनमें से दो मैच भारत में खेले गए थे।

सिनेमा

## असिन ने जिसके लिए छोड़ी फिल्म इंडस्ट्री, आज उसी से ले रही हैं तलाक?



हिंदी और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस असिन से जुड़ी चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है असिन और उनके पति राहुल शर्मा के बीच सबकुछ सही नहीं है। उन्होंने इंस्टाग्राम से पति संग अपनी सारी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने सोशल मीडिया से अपनी शादी की तस्वीरें भी हटा दी हैं। इस खबर के सामने आने के बाद से ही असिन के फैंस हैरान हैं।

वहीं असिन और राहुल का एक फैन पेज कपल के अलग होने का दावा कर रहा है। फैन पेज ने असिन के इंस्टाग्राम की तस्वीरें शेयर करते हुए इस बात का दावा किया है कि असिन ने फरवरी से ही राहुल के साथ अपनी तस्वीरें डिलीज करना शुरू कर दिया था। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि असिन, राहुल से तलाक लेने वाली हैं। न ही इस बात का पता चल पाया है कि असिन ने राहुल के साथ अपनी तस्वीरें क्यों हटाईं।

असिन ने राहुल और अपनी एक तस्वीर को अभी तक डिलीट नहीं किया। यह तस्वीर असिन और राहुल के रिसेप्शन पार्टी की है। इस तस्वीर में राहुल और असिन के अलावा दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर भी नजर आ रहे हैं। असिन ने यह तस्वीर ऋषि कपूर के निधन के समय उन्हें याद करते हुए पोस्ट की थी।

# सहारा इंडिया को-ऑपरेटिव सोसायटी ने की ठगी

## तीस लोगों से एक करोड़ से ज्यादा की ठगी, मैनेजर पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणगंगा पुलिस ने सहारा इंडिया को आपरेटिव सोसाइटी के ब्रांच मैनेजर के खिलाफ 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। मैनेजर ने लोगों को ज्यादा प्रॉफिट देने के नाम पर अकाउंट खोलने के लिए वसूले थे।**

पीड़ितों को जब पैसा नहीं मिला तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। पुलिस ने तत्कालीन ब्रांच मैनेजर और उनके साथियो को आरोपी बनाया है। बताया जाता है कि करीब 31 से ज्यादा लोगों से एक करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी की गई है।

पुलिस के मुताबिक सहारा इंडिया को ऑपरेटिव सोसाइटी ब्रांच का ऑफिस मरीमाता के गुरूकृपा भवन पर है। जिसमें लोगों ने सहारा सुपर डेली बचत स्कीम, एफडी व आरडी में रुपए इनवेस्ट किये थे। निवेशकों को तयशुदा समय के बाद भी अमाउंट नहीं दिया गया।

पहले पीड़ित पक्ष के लोगों ने तत्कालीन ब्रांच मैनेजर सत्य प्रकाश श्रीवास्वत से जाकर बात की। उन्होंने किसी तरह का स्पष्ट जबाव नहीं दिया। तब पीड़ित निवेशक वरिष्ठ अफसरों के पास पहुंचे। उन्होंने कमिश्नर सहित अन्य वरिष्ठ अफसरों को मामले में कई बार शिकायतें की थी।

जिसमें बताया गया था कि ब्रांच पर ताला लगा रहता है। ब्रांच मैनेजर सत्य प्रकाश श्रीवास्वत द्वारा भी स्पष्ट जानकारी नहीं जाती है। अफसरों के निर्देश पर जांच के बाद धोखाधड़ी और मध्यप्रदेश निक्षेपकों के संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### इन पीडितो ने की थी शिकायत

योगेश साहू निवासी बाणगंगा, अनिता वर्मा निवासी शिवकंठ नगर, विजय कुमार चौहान निवासी दशरथबाग कालोनी, रानी तोमर निवासी स्कीम नंबर 51, ममता चौहान, सुंदरसिंह और मनीषा चौहान सहित 31 से अधिक पीड़ित निवेशकों से धोखाधड़ी की गई।

# लोगों के पैसे लेकर फरार हुई सेफ मनी संस्था

● डेली कलेक्शन करते थे कंपनी के कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाले लोधी धर्मशाला के पास सेफ मनी नामक एक संस्था ने लोगों से डेली कलेक्शन के नाम पर धोखाधड़ी कर फरार हो गई। मामले की जानकारी जब लगी जब पीड़ित 7 दिनों से संस्था के ऑफिस पर जा कर चक्कर काट रहे थे। लेकिन ऑफिस रोजाना बंद पाया गया। जब लोगों ने यहां काम करने वाले कर्मचारियों को फोन लगाएं तो उनके फोन बंद आने लगे।**

जैसे ही पीड़ितों को मामले की जानकारी लगी, तो उन्होंने थाने में शिकायत की। लगभग 50 से अधिक पीड़ितों के साथ फ्रॉड हुआ है, जिसमें लाखों रुपए बताए जा रहे हैं। यह संस्था रोजाना छोटे दुकानदार ठेले चलाने वाले और फुटकर व्यापारियों से डेली कलेक्शन करती थी। संस्था के पास में ही एक चाय की होटल है। चाय बेचने वाले मदनलाल सैनी ने बताया कि इस संस्था में 8 लोगों का स्टाफ था। यह दिन में कई बार चाय बुलाते थे, लेकिन 7 दिनों से संस्था बंद थी। इस दौरान मेरा 7 हजार रुपए का बिल बना था , वह भी नहीं दिया और फरार हो गए।

**जांच के बाद करेंगे उचित कार्रवाई-** थाना प्रभारी महू महेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि लोगों ने थाने में शिकायत की है। मामले की जांच करवाई जा रही है। साथ ही उन लोगों का भी पता लगाया जा रहा है, जिन्होंने इस संस्था में अकाउंट खुलवाया था। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बाउंड ओवर का उल्लंघन बदमाश को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाउंड ओवर अवधि के दौरान आदतन बदमाश ने महिला के साथ अड़ीबाजी करते हुए मारपीट भी कर डाली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बाउंड ओवर करने पर जेल भेज दिया है।**

आदतन अपराधियों एवं बदमाशों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत थाना प्रभारी संयोगितागंज द्वारा क्षेत्र के आरोपी अमित पिता खुशाल सोनकर निवासी पारसी मोहल्ला जिसके विरूद्ध झगड़ा, मारपीट ,जान से मारने की धमकी व अवैध हथियार रखने संबंधी कई केस दर्ज हैं,को धारा 110 दण्ड प्रक्रिया संहिता में एक साल के लिए बाउन्ड ओवर किया गया था। अमित सोनकर ने बाउंड ओवर का पालन नहीं किया और उसी दौरान पारसी मोहल्ला निवासी रीना पति नरेश वर्मा से शराब पीने के पैसे मांगने की बात पर से झगड़ा कर जान से मारने की धमकी व मारपीट कर डाली। पुलिस ने धारा 294 323 506 327 का केस दर्ज किया। बाउंड ओवर का उल्लंघन करने पर आरोपी अमित सोनकर को जेल भेज दिया गया है। अब वह बाउंड ओवर अवधि समाप्त होने तक जेल में रहेगा।

# अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाला एजेंट अहमदाबाद से पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **क्राइम ब्रांच ने फर्जी काल सेंटर ठगी मामले में एजेंट रवि रामी को गिरफ्तार किया है। मूलतः अहमदाबाद निवासी रवि अमेरिकी नागरिकों को ठगता था। उसने दलाल शैलेष पंड्या वत्सल्य मेहता, तुषार और देवेश त्रिवेदी का नाम स्वीकार किया है। शैलेष स्वयं को पूर्व राज्यपाल का करीबी बताता है। आरोप है कि उसने मुख्य आरोपी करण भट्ट से क्राइम ब्रांच के नाम पर 70 लाख रुपये ले लिए।**

नवंबर 2020 में क्राइम ब्रांच ने ओके सेंट्रल बिल्डिंग (निपानिया) में फर्जी इंटरनेशनल काल सेंटर पर छापा मारा था। पुलिस ने जोशी वट्टपरबिल, फ्रांसिस, जयराज पटेल, मेहुल, संदीप, यश प्रजापति, हिमांशु सांचला, अक्षत, चंचल, रोहित, विशाल, विश्व दवे, रोशन गोस्वामी, जितेंद्र, अर्चित विजयवर्गीय, राहुल श्रीवास्तव, करण, कुलदीप, चिंतन सहित अन्य लोगों को पकड़ा था। हालांकि मौके से मुखिया करण भट्ट फरार हो गया था। उसे पिछले वर्ष उत्तराखंड से पकड़ा गया था। उससे मिले सुराग के आधार पर ही रवि का नाम सामने आया। रवि शातिर ठग है। उसके विरुद्ध अहमदाबाद में केस दर्ज है। भनक लगते ही वह फरार हो गया था। जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए वह इंटरनेट कालिंग का ही उपयोग करता था। रविवार को डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल को जानकारी मिली थी कि रवि को अहमदाबाद के ओधव क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। बीबीए स्नातक रवि अमेरिकी नागरिकों से ठगी गई राशि को भारतीय मुद्रा में परिवर्तन करवाने की अहम कड़ी है। मंगलवार को हुई पूछताछ में रवि रामी ने बताया कि गिरोह के मुखिया करण भट्ट की शैलेष पंड्या से दोस्ती है। पंड्या स्वयं को पूर्व राज्यपाल की बेटी का दोस्त बताता है। वह केस को रफादफा करवाने के नाम से करण से 70 लाख रुपये ले चुका है। पुलिस अब भी पंड्या की तलाश में जुटी है।

# बालिका की मौत में केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। एक पखवाड़े पहले पानी की खुली टंकी में गिरने से बालिका की हुई मौत के मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना किशनगंज थाना अंतर्गत भाटखेड़ी स्थित श्रीनाथ कॉलोनी की है। पुलिस के मुताबिक यहां किराए के मकान में रहने वाले कपिल पाटीदार की 7 साल की बेटी रिया पानी की खुली टंकी में गिर गई थी जिससे उसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक राकेश चौहान ने बताया कि जांच में मृतका के मातापिता और अन्य लोगों के कथन दिए गए जिसमें पता चला कि मकान मालिक बदन सिंह पिता मेवाराम की लापरवाही के कारण बालिका की मौत हुई थी। आरोपी बदन सिंह के खिलाफ धारा &04 ए का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार है।

# छात्र-युवती के मोबाइल ले भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अलग-अलग स्थानों पर छात्र और युवती से बदमाश ध?का देकर मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक पिता जगदीश नामदेव 21 साल निवासी रानी बाग ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अरिहंत कॉलेज में पड़ता है और रात्रि 9:15 बजे वह खाना खाने के बाद कॉलेज के सामने मोबाइल फोन पर बात करते हुए पैदल पैदल घूम रहा था तभी बाइक पर दो बदमाश आए और उसे धक्का देकर मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है । उल्लेखनीय है कि भंवरकुआं थाना क्षेत्र में 1 सप्ताह के अंदर लूट की पांच घटना हो चुकी है। इसी प्रकार फरियादी कोमल पिता प्रश्न भूरा 24 साल निवासी सुदामा नगर के साथ भी लूट की घटना हुई । दर्ज कराई रिपोर्ट में फरियादी कोमल ने पुलिस को बताया कि वह यशवंत निवास रोड स्थित केनरा बैंक के सामने से गुजर रही थी तभी बिना नंबर की एक्टिवा पर सवार दो बदमाश आए और उसे धक्का देकर मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए । पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकडऩे के लिए नाकेबंदी की मगर कहीं कोई उनका सुराग नहीं मिला। पुलिस दोनों मामलों में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है ताकि लुटेरों को पकड़ा जा सके।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।